# इंदौर–उज्जैन सिक्स लेन, सौग़ात से पहले जनता के लिए बना मुसीबत

- फोरलेन पर रोज़ाना जाम, खेतों से वाहन निकालने को मजबूर लोग
- विकास के नाम पर अव्यवस्था, अधिकारियों ने साधी चुप्पी

नव भारत न्यूज

**उज्जैन. सिंहस्थ के मद्देनजर इंदौर–उज्जैन सिक्स लेन प्रोजेक्ट इन दिनों जनता के लिए मुसीबत बन गया है. रोज़ाना लगने वाले जाम, अधूरी योजना और निर्माण एजेंसी की धीमी गति ने आमजन को सड़क पर परेशान कर दिया है. हालात इतने बिगड़े हैं कि लोग खेतों से होकर निकलने को मजबूर हैं.**



निर्माण एजेंसी रवि इंफ्रा ने कई जगह सड़क खोद रखी है और डायवर्जन बना दिए हैं. प्रतिदिन जाम की स्थिति बन रही है. सुबह-शाम इंदौर उज्जैन अपडाउन करने वाले ,ऑफिस जाने वाले कर्मचारी, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी और व्यापारी घंटों वाहनों में फंसे रहते हैं. कई बार ट्रैफिक इतना बढ़ जाता है कि लोगों को खेतों से होकर निकलना पड़ता है.

**1 हजार 600 करोड़ का प्रोजेक्ट**–इंदौर–उज्जैन रोड को सिक्स लेन में तब्दील करने का निर्णय वर्ष 2023 में लिया गया था. लगभग 1,600 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा यह प्रोजेक्ट उज्जैन महाकाल और आने वाले सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखकर शुरू किया गया. उद्देश्य था कि इंदौर–उज्जैन के बीच सफर आसान और तेज हो सके। शुरुआत में इसे दो साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है.

आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित– सबसे बड़ी चिंता यह है कि जाम में एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसे वाहन भी फंस जाते हैं. हाल ही में एक मरीज को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका, जिससे लोगों में नाराजगी और बढ़ी है. अधिकारियों की बेरुखी या लाचारी?– स्थानीय लोगों का कहना है कि वे कई बार अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, बावजूद समाधान नहीं निकल सका. प्रशासन की ओर से सिर्फ आश्वासन दिए जा रहे हैं.

### जनता का धैर्य टूट रहा

लोगों का कहना है कि विकास कार्य जरूरी हैं, यदि योजनाबद्ध तरीके से न होने पर यह जनता के लिए अभिशाप बन जाते हैं. इंदौर और उज्जैन की जनता चेतावनी दे रही है कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो वे आंदोलन का सहारा लेंगे.

जनता की मजबूरी और दर्द...– पहले उज्जैन से इंदौर पहुंचने में एक घंटा लगता था, अब दो से ढाई घंटे लगते हैं. रोज़ जाम से परेशान हैं.

– संजय शर्मा, निजी कंपनी कर्मचारी

बच्चे समय पर स्कूल नहीं पहुंच पा रहे। खेतों से होकर जाने पर गाड़ियां फंस जाती हैं, कई बार पैदल सड़क तक जाना पड़ता है,,रास्ता मिलने पर वाहनों में बैठते है.

– सीमा जैन, अभिभावक

हम किसानों की जमीन पहले ही सड़क चौड़ीकरण में गई. अब बाकी खेतों को लोग रास्ता बनाने लगे हैं. यह दोहरी मार है.

– राजेश पटेल, किसान



## बंद फैक्ट्री के पास जुआ खेलते तीन युवक गिरफ्तार

इंदौर. बाणगंगा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सुंदर नगर क्षेत्र में जुआ खेलते तीन युवकों को गिरफ्तार किया है. आरोपी रात के अंधेरे में बंद पड़ी फैक्ट्री के पास ताश के पत्तों से हार-जीत का दांव खेल रहे थे. गिरफ्तार आरोपियों में 36 वर्षीय सोनू उर्फ विवेक यादव, 32 वर्षीय सोनू उर्फ विक्की चौधरी और 28 वर्षीय अजय ओझा शामिल हैं. मौके से 52 ताश के पत्ते, 1250 रुपए नगद और पैर के नीचे छुपाए गए 2600 रुपए जब्त कर आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.


**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

W/623/5/1/NIT **ई-टेण्डरिंग नोटिस** दिनांक: 19.09.2025

मण्डल रेल प्रबंधक/मण्डल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे रतलाम भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है-

| क्र. सं. | ई-टेंडरिंग संख्या और कार्य का नाम | अनुमानित लागत रू | बयाना राशि रू | कार्य समापन अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **RTM-2025-26-98** Nagda Bhopal, Indore-Dewas-Ujjain Section - Improvement of water supply and drainage facility Maksi, Kalapipal, Shujalpur, Sehore Stations at. (Total 65 nos.). **Similar type of work**: Any Civil Engineering Work. | **91,52,031.27** | **1,83,100/-** | 12 माह |
| 2 | **RTM-2025-26-105** Indore-Dewas-Ujjain Section Providing boundary wall in station approaches & along track side to prevent encroachment and theft (Total 4.60 KM). **Similar type of work**: Any Civil Engineering Work. | **3,70,18,414.16** | **3,35,100/-** | 15 माह |
| 3 | **RTM-2025-26-107** 1. Nagda - Bhopal - CTR(P) - 7.564 TKM & TRR(P) - 4.737 TKM (Loop lines) 2. Nagda - Bhopal - CTR(S) - 2.633 Tkm on Non Passenger Loop Lines. **Similar type of work**: Any Track Work. | **2,61,18,091.46** | **2,80,600/-** | 12 माह |

**वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि: 19.09.2025. निविदा खुलने की तिथि: 15.10.2025.** विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा फार्म की लागत शून्य है।

DE/5/1/258 मण्डल रेल प्रबंधक (कार्यलेखा), रतलाम मंडल - पश्चिम रेलवे

हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: x.com/WesternRly


# अय्यूब को पुलिस से छीनकर मौत के घाट उतार देना चाहती थी भीड़

## सीन री–क्रिएट करने के लिए आरोपी को कब्रिस्तान लेकर पहुंची थी पुलिस, भीड़ बोली– सजा हमें देने दो!

**खंडवा,** इंसान के रूप में कबरबिज्जू अय्यूब खान को पुलिस रीक्रिएट सीन के लिए खंडवा के कब्रिस्तान पहुंची. यहां आरोपी को लोगों ने घेर लिया. उसे सार्वजनिक रूप से पीटने की कोशिश की गई. पुलिस से भी झूमाझटकी के असफल प्रयास हुए. नारेबाजी भी हुई कि ऐसे जघन्य और नरपिशाच आरोपी को फांसी की सजा फास्ट ट्रैक में केस चलाकर दी जानी चाहिए.

मामला बहुत जघन्य है। लोगों का गुस्सा देखकर ही समझ में आ रहा था, कि अय्यूब खान के कृत्य से लोग कितने नाराज हैं. बीते दिनों महिलाओं की कब्रों से छेड़छाड़ का सनसनीखेज मामला सामने आया था, जिसमें पुलिस ने हाल ही में बड़ा खुलासा करते हुए आरोपी को धर दबोचा था.



### पुलिस से भीड़ छीनने लगी आरोपी को–

गुरुवार शाम जब शहर की कोतवाली थाना पुलिस आरोपी अय्यूब पिता इस्माईल को लेकर मौका मुआयना करने पहुंची. इसकी जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में मुस्लिम समाजजन बड़ा कब्रस्तान पहुंच गए. पुलिस से आरोपी को उनके हवाले करने की मांग करने लगे. आक्रोशित लोगों की मांग थी कि, उनके परिजनों की कब्रों के साथ आरोपी ने गलत किया है, इसलिए वे खुद उसे सजा देंगे.

नरपिशाच के लिए फांसी की मांग–जब पुलिस किसी तरह आरोपी को भीड़ से बचाकर साथ ले जाने लगी. भीड़ ने पुलिस को घेरकर नारेबाजी शुरू कर दी. लोग आरोपी को फांसी दिए जाने की मांग कर रहे थे.

**अय्यूब पर गंभीर इल्जाम**–बता दें कि, आरोपी अय्यूब ने तीन अलग अलग समय कब्रस्तान में महिलाओं की ताजी कब्रों में नग्न अवस्था में उतरकर शव से छेड़छाड़ कर तंत्र क्रिया को अंजाम दिया था. आरोपी ने अपनी पूर्व दो पत्नियों की हत्या की थी, जिसके चलते वह आजीवन कारावास की सजा काटते हुए 15 साल से जेल में बन्द था.


**वंडर होम फाइनेंस लिमिटेड** (CIN No. U65999RJ2017PLC059619)

WONDER HOME FINANCE Zindagi Ki Perfect Shuruaat

कॉर्पोरेट ऑफिस : 620, छठवीं मंजिल, नॉर्थ ब्लॉक, वर्ल्ड ट्रेड पार्क, मालवीय नगर, जेएलएन रोड, जयपुर- 302017, टेलीफोन: 0141- 4750000

**परिशिष्ट IV [ देखें नियम 8(1) ] कब्जा नोटिस**

जबकि, अद्योहस्ताक्षरकर्ता **वंडर होम फाइनेंस लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) **LN20040AB23-24017706**, श्रीमती नीलम चिखले पत्नी श्री सुरेन्द्र सिंह रावल (ऋणी), श्री सुरेन्द्र सिंह रावत पुत्र नन्दलाल रावल (सहऋणी), श्रीमती भारती चिखले पुत्र रविन्द्र चिखले (गारंटर) | 18-07-2025 Rs. 6,86,249.89 छः लाख छियासी हजार दो सौ उनचास रूपये एवं नवासी पैसे मात्र 10-07-2025 तक | श्रीमती नीलम चिखले पत्नी श्री सुरेन्द्र सिंह रावल की संपत्ति के सभी अभिन्न अंग स्थित फ्लैट नं. 308, तीसरी मंजिल, ब्लॉक नं. 09, पलाश परिसर-2 ओमेक्स हिल्स के पीछे, निहालपुर मण्डी, तहसील राउ, जिला इन्दौर, मप्र 452016, क्षेत्रफल बिल्ट अप एरिया 34.98 वर्गमीटर, पूर्वः फ्लैट नं. 307, पश्चिमः फ्लैट नं. 303 उत्तरः खुली भूमि के पश्चात रोड, दक्षिणः आम गलियारा | 20-09-2025 |
| (ऋण खाता संख्या) **LN20062HP23-24015906**, श्री विरेन्द्र जैन पुत्र श्री शान्ती लाल जैन (ऋणी), श्रीमती रीना जैन पत्नी विरेन्द्र जैन (सहऋणी), श्री महिम जैन पुत्र नरेन्द्र जैन (गारंटर) | 18-07-2025 Rs. 18,54,043.57 अठारहलाख चौवन हजार तेतालीस रूपये एवं सत्तावन पैसे मात्र 10-07-2025 तक | श्री विरेन्द्र जैन पुत्र श्री शान्ती लाल जैन की संपत्ति के सभी अभिन्न अंग स्थित प्लॉट नं. ई/126 पण्डित दीनदयाल नगर रतलाम, तहसील एवं जिला रतलाम 457001 मप्र क्षेत्रफल 438.00 वर्गफीट पूर्वः प्लॉट नं. ई/125 पर प्लॉट, पश्चिमः प्लॉट नं. ई/127 का मकान, उत्तरः गली, दक्षिणः रोड | 20-09-2025 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती हैं कि अद्योहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8)के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया और सर्व साधारण को सामान्यतया एतद द्वारा सम्पत्तियों के साथ काई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती हैं और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक "**वंडर होम फाइनेंस लिमिटेड**" के प्रभार के अधीन होगा।

**दिनांकः 25.09.2025** **स्थानः इन्दौर** **प्राधिकृत अधिकारी वंडर होम फाइनेंस लिमिटेड**






INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero GoodLife Stand a chance to win 100% Cashback | 24 Carat Gold Coin and many more assured benefits*

Additional offers on Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. *Fastest compared to all air-cooled engine motorcycles in the 125cc segment as per internal testing. **66 km/l with E5 petrol under standard tests; mileage may vary. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price and GST benefits are applicable in Madhya Pradesh. Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. T&C apply.

TOLL FREE 1800 266 0018

**अधिकृत डीलरः इंदौरः** पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स्क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, **बड़वानी:** शर्मा हीरो 9289922742, **बुरहानपुरः** श्रीजी हीरो 9289922372, **देवासः** खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), **धारः** साक्षी हीरो 9289922618, **हाट पिपलियाः** श्रीराम हीरो 9289923154, **झाबुआः** नाकोड़ा हीरो 9289922679, **कुक्षीः** अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, **खण्डवाः** ठक्कर हीरो 9289923018, **खरगोनः** निमाड़ हीरो 9289922378, **महूः** लक्ष हीरो 9289923176, **पीथमपुरः** रघुवंशी हीरो 9289923047, **सनावदः** राजेश हीरो 9289922774, **उज्जैनः** क्षिप्रा हीरो (फ्रीगंज, देवास रोड) 9289922354, लोहिया हीरो (चिमनगंज मंडी के सामने) 9289922718, **बड़नगरः** स्वास्तिक हीरो 9289922773, **शाजापुरः** बाबा हीरो 9289922833, **रतलामः** एक्सीलेन्ट हीरो (महू रोड 9289922375, सैलाना रोड 07412-408600) **नीमचः** उत्तम हीरो 9289922367, **मन्दसौरः** रामदर्शन हीरो 9289922369, **जावराः** रिलायबल हीरो 9289923045, **एसोशिएट डीलरः अलीराजपुरः** विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 **अंजड़ः** न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, **बदनावरः** नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, **बेड़ियाः** कृष्णा मोटर्स 7428494667, **बामनियांः** अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, **छनेराः** गुरूनानक मोटर्स 7428390286, **बेटमाः** अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, **धामनोदः** अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, **इंदौरः** क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, **मुंडीः** अभिषेक मोटर्स 7428390273, **पानसेमलः** हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, **पेटलावदः** भंडारी अभिकरन 9977287143, **धरमपुरीः** कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, **राऊः** अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, **सेंधवाः** डीलक्स मोटर्स 7428295060, **निवालीः** श्री वल्लभ मोटर्स 9893501517, **पुंजापुराः** पटेल मोटर्स 9755567226, **सतवासः** शिवम मोटर्स 9826088351, **सिंघोटः** आकाश मोटर्स 7428494665, **सोनकच्छः** भारत मोटर्स 9826607753, **घाटाबिल्लौदः** लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, **खाचरोदः** जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, **मांगलियाः** श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, **आगरः** रामदेव मोटर्स 9425921047, **महिदपुरः** रुचि ऑटोमोबाईल्स 9425091966, **नागदाः** कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, **शुजालपुरः** रॉयल बाईक्स 8817784120, **तरानाः** क्षिप्रा मोटर्स 9039341286, **नलखेड़ाः** नाकोड़ा ऑटो सेल्स एण्ड सर्विस 9584284629, **मनासाः** मारू मोटर्स 9617944999, **पिपलोदाः** निमिष ऑटोमोबाईल 9826444701, **श्यामगढ़ः** खुराना मोटर्स 9826730340, 9009433866, **गरोठः** श्रीनाथ ऑटोमोबाइल 9826773646, **नारायणगढ़ः** ललित ऑटोमोबाइल्स 9893525549, **तालः** श्री बालाजी ऑटोमोबाइल्स 9691602742, **बोलाईः** अन्नपूर्णा मोटर्स, 9755116444, **नंदनीः** श्री मोटर्स, 8435192351, **अरनिया कलांः** तिलक ऑटो, 7697016717, **राणापुरः** सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, **जोबटः** धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, **सोंडवाः** राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, **क्षिप्राः** श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, **सुखलिया इंदौरः** आर्यन मोटर्स, 9399928958, **कांटाफोड़ः** रुखमणी मोटर्स, 9993048891, **नीलबड़ः** महाकाल मोटर्स, 9586778889, **तीन इमलीः** न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) पीथमपुरः** रघुवंशी हीरो 9289923047, **छनेराः** गुरूनानक मोटर्स 7428390286, **सारंगीः** श्री मोटर्स, 9340927342, **जावराः** रिलायबल हीरो 9289923045

SAATCHI & SAATCHI


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**